# 2024

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड – 'क'

### (वाचन – 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **1** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **2** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **3** से **7** तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

दूरदर्शन आधुनिक विज्ञान की एक अनोखी देन है। विज्ञान की इस अनोखी देन को घर का सिनेमा भी कहा जाता है। दूरदर्शन सब तरह के मनोरंजन का सशक्त, बढ़िया और सस्ता साधन है। स्कॉटलैंड के जे. एल. बेयर्ड नामक एक इंजीनियर ने सन् 1926 में दूरदर्शन का आविष्कार किया था। दूरदर्शन द्वारा मनोरंजन, ज्ञान और शिक्षा पाई जा सकती है। इस तरह दूरदर्शन पर हम घर बैठे-बैठे देश-विदेश के समाचारों और घटनाओं को एक साथ सुन और देख सकते हैं।

1. दूरदर्शन से हमें क्या-क्या लाभ मिलते हैं? 3

2. दूरदर्शन का आविष्कार किसने कब किया था? 2

3. दूरदर्शन को 'घर का सिनेमा' क्यों कहा जाता है? 1

4. आधुनिक विज्ञान की अनोखी देन क्या है? 1

5. 'देन' शब्द का एक समानार्थक शब्द लिखिए। 1

6. 'सस्ता' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए। 1

7. उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड - 'ख'

### (लेखन - 15 अंक)

8. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार एक-तिहाई शब्दों में लिखिए तथा एक उचित शीर्षक दीजिए : 5+2=7

आजकल सिर्फ मणिपुर में ही नहीं, बल्कि भारत के सभी राज्यों में हर जगह प्लास्टिक की थैली का प्रयोग बेतहाशा बढ़ रहा है। प्लास्टिक की थैलियाँ जलाने से पर्यावरण में वायु प्रदूषण फैलता है। प्लास्टिक की इन थैलियों को जलाने से धुआँ निकलता है। इन थैलियों को जमीन खोदकर गाड़ना भी जमीन के लिए श्रेयस्कर नहीं है, क्योंकि जमीन के अन्दर प्लास्टिक न तो गलेगी और न ही मिट्टी में मिलेगी। अतः प्लास्टिक की थैली के प्रयोग से होने वाली हानियों से बचने का एकमात्र उपाय यही है कि प्लास्टिक का इस्तेमाल ही न किया जाए।

9. (क) इम्फाल के खाइरम्बन्द बाजार में घटित एक सड़क-दुर्घटना का आँखों देखा वर्णन लगभग **160** शब्दों में लिखिए। 8

*अथवा*

(ख) पाओना ब्रजवासी की जीवनी लगभग **160** शब्दों में लिखिए।

## खण्ड - 'ग'

### (व्याकरण - 15 अंक)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11, 12 और 13 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 से 19 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।**

10. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

11. अन्विति से सम्बन्धित चार मुख्य बातें क्या-क्या हैं? 2

12. कर्ता कारक के साथ प्रयुक्त 'ने' विभक्ति के दो नियम सोदाहरण लिखिए। 2

13. प्रश्नवाचक सर्वनाम 'कौन' और 'क्या' का प्रयोग किन-किन अवस्थाओं में किया जाता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

14. 'अनल' और 'अनिल' - इन दो शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

15. 'निधन' और 'निर्धन' - इन दो शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

16. 'उंगली पर नचाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

17. 'हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

18. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

19. 'पर-उपदेश कुशल बहुतेरे' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

## खण्ड - 'घ'

(पद्य - 8+12=20 अंक)

20. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) जिस निर्जन में सागर लहरी
अम्बर के कानों में गहरी -
निश्छल प्रेम-कथा कहती हो,
तज कोलाहल की अवनी र!

*अथवा*

(ख) मेरा पग पग संगीत भरा
श्वासों में स्वप्न-पराग झरा,
नभ के नव रंग बुनते दुकूल,
छाया में मलय-बयार पलो!

निर्देश : प्रश्न-संख्या **21** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **22** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **23** और **24** के उत्तर लगभग **30-30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **25** और **26** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **27** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

21. भली भई जु गुर मिल्या, नहीं तर होती हांणि।

    दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जांणि।।

    – कबीरदास की उपर्युक्त साखी में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 4

22. 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणा का वर्णन कीजिए। 3

23. सौन्दर्य की प्रतिमा बनकर कौन कैसे खड़ी है? 2

24. 'तब वै लता लगति तन सीतल, अब भई विषम ज्वाल की पुंजैं।'

    – सूरदास की उपर्युक्त पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 2

25. गोपियों का आराध्य देव कौन है? 1

26. कबीरदास के अनुसार हमारा सद्‌गुरु कौन है? 1

27. 'जागरण-गीत' कविता के रचयिता का नाम क्या है? 1

    (क) जयशंकर प्रसाद (ख) माखनलाल चतुर्वेदी

    (ग) अशाङ्‌बम मीनकेतन (घ) तंबि श्रीनिवासन

## खण्ड – 'ङ'

### (गद्य – 25 अंक)

28. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

    (क) जो होनी थी, सो हो गई। उसे कोई लौटा थोड़े ही सकता है? खुदा नेक के नेकी रखे और बद की बदी माफ करे। मेरे लिए चिराग नहीं, तो तुम लोग तो हो, मुझे आकर इतनी ही तसल्ली हुई कि उस जमाने की कोई यादगार है।

*अथवा*

(ख) वह गरजनेवाला मेघ नहीं, बरसनेवाला धुआँधार था। वैसे उनका मौन गजब का था। वह ठोस वीरता के पुजारी योद्धा थे, पोल के शब्द उन्हें आकर्षित नहीं कर सकते थे।

29. 'मलबे का मालिक' कहानी **अथवा** 'खादी और गादी की लड़ाई' निबन्ध का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

निर्देश : प्रश्न-संख्या **30** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **31** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **32** का उत्तर लगभग **30** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या **33** और **34** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

30. 'मनुष्य के जीवन की सार्थकता' पाठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है? 4

31. गनी मियाँ ने अपने पुराने मकान को किस रूप में देखा और कैसे देखा? 3

32. गादी और तकिये के सम्बन्ध में लेखक का विचार क्या है? 2

33. पीपल के नीचे कौन सोया था? 1

(क) अब्दुल गनी (ख) चिरागदीन

(ग) मनोरी (घ) रक्खे पहलवान

34. 'नए वर्ष के शुभ संकल्प' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) आचार्य विनोवा भावे (ख) रामविलास शर्मा

(ग) पं. बालकृष्ण भट्ट (घ) रामनाथ 'सुमन'

## खण्ड - 'च'

### (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या **35** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **36** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **37** और **38** के उत्तर लगभग **30-30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **39, 40** और **41** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **42** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

35. आज के जमाने में मैतै लोगों के घर-घर में चैराओबा का त्योहार कैसे सम्पन्न किया जाता है? 4

36. रवीन्द्रनाथ ने अपने बाल्यकाल का जीवन कैसे बिताया? 3

37. मि. बेग कहाँ नौकरी करते थे और वे केम्ब्रिज क्यों आए? 2

38. ईद कैसे मनाई जाती है? 2

39. ताङ्खुल जनजाति के प्रमुख त्योहार कौन-कौन-से हैं? 1

40. रवीन्द्रनाथ की 'सोनार तरी' कैसी रचना है? 1

41. रवीन्द्रनाथ को नोबेल पुरस्कार कब मिला? 1

42. 'प्रवास की डायरी : कुछ पन्ने' पाठ का लेखक कौन है? 1

(क) बाबू गुलाबराय

(ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) इबोहल सिंह काङ्जम

(घ) एस. लनचेनबा मीतै

---